सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 87 | इंदौर, बुधवार 09 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## हरियाणा-जम्मू चुनाव में 83% रहा CM मोहन का सक्सेज रेट

### जम्मू में जिस सीट पर किया प्रचार, वहां कांग्रेस कैंडिडेट चौथे नंबर पर पहुंचा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणामों में बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां खुश हैं। बीजेपी हरियाणा की हैट्रिक को लेकर जश्न मना रही है तो वहीं कांग्रेस जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने से उत्साहित है। इन दोनों राज्यों में एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव का कैम्पेन सफल रहा है।**

हरियाणा और जम्मू कश्मीर में 6 सीटों पर डॉ. मोहन यादव प्रचार करने गए थे। इनमें से 5 सीटों पर बीजेपी के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। यानी सीएम मोहन के कैम्पेन का सक्सेस रेट 83 फीसदी रहा है। सीएम डॉ. मोहन यादव जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव प्रचार में सिर्फ सांबा विधानसभा सीट पर प्रचार के लिए पहुंचे थे। सांबा सीट पर बीजेपी उम्मीदवार सुरजीत सिंह सलाथिया ने 30309 वोटों से जीत दर्ज की है। निर्दलीय उम्मीदवार रविन्द्र सिंह निकटतम प्रतिद्वंदी रहे। कांग्रेस उम्मीदवार कृष्ण देव सिंह चौथे नंबर पर रहे।

### हरियाणा में एक सीट हारे, 4 जीते

सीएम मोहन यादव ने हरियाणा की 5 विधानसभा सीटों पर प्रचार किया। सीएम दादरी, भिवानी, भवानी खेरा, झज्जर और तोषम विधानसभा सीटों पर प्रचार करने गए थे। झज्जर सीट छोड़ बीजेपी के बाकी 4 सीटों पर उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की।

### बीजेपी ने एमपी के नेताओं को प्रचार में नहीं भेजा

बीजेपी के एक सीनियर पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी में इस बार के चुनाव में यह तय हुआ है कि जिस राज्य में चुनाव है। उसके पड़ोसी राज्यों के ही कार्यकर्ताओं, नेताओं को चुनाव प्रचार में भेजा जाए। दूर के राज्यों में प्रचार के लिए मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम को स्थानीय प्रत्याशियों और चुनावी राज्य की डिमांड के आधार पर सभाओं के लिए भेजा जाए। इस वजह से इस बार के चुनाव में मध्यप्रदेश से हरियाणा और जम्मू कश्मीर के प्रचार में कार्यकर्ताओं को नहीं भेजा गया।

## अब शिक्षकों की डिजिटल अटेंडेंस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के बाद अब सरकारी स्कूलों में भी बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगाने के निर्देश दिए हैं। इससे सभी शिक्षकों की नियमित अटेंडेंस पता चल सकेगी। सभी सरकारी अस्पतालों और फिर ग्राम पंचायतों में भी बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगेगी। अगले सात दिन में यह क्रियान्वयन शुरू होगा और अगले महीने से यह नियमित हो जाएगा।

कलेक्ट्रेट में एक महीने पहले बायोमेट्रिक अटेंडेंस की नई व्यवस्था शुरू की गई। कलेक्टर आशीष सिंह ने खुद बायोमेट्रिक मशीन से अटेंडेंस लगाई। उन्होंने तब कहा था कि सभी शासकीय विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होना होगा और बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगाना होगी। पंचिंग के आधार पर ही शासकीय सेवकों का वेतन जारी होगा।

उस समय स्कूल के शिक्षकों को इससे अलग रखा गया था, लेकिन अब उन्हें भी इस डिजिटल अटेंडेंस के दायरे में ले लिया है। अस्पताल और ग्राम पंचायत में भी समय पर उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम लगाया जाएगा।

### ठगी की 'बंपर धमाका' स्कीम

# डीलर के ऑफर में न सोना मिला न चांदी, सीमेंट खरीदी के 3 करोड़ रुपए भी डूबे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

नर्मदापुरम। सीमेंट खरीदो और सोना-चांदी पुरस्कार में जीतोआप इसे किसी कंपनी का ऑफर समझने की भूल मत कीजिए। ये है ठगी की बंपर धमाका स्कीम। इसे लॉन्च करने वाला एक सीमेंट डीलर है। इस स्कीम के चक्कर में फंसकर ठेकेदारों और इंजीनियरों ने जमापूंजी तो लगाई ही...सोना-चांदी, मकान गिरवी रखकर और उधार लेकर रुपए डीलर को दे दिए क्योंकि स्कीम की शर्त यही थी कि जो पहले आएगा, वही पहले पाएगा।

सीमेंट डीलर के जाल में 22 इंजीनियर और ठेकेदार फंसे। 300 रुपए की सीमेंट के 600 रुपए तक एडवांस भरे। उनके कुल 3 करोड़ रुपए डूब गए हैं। अब सभी पुलिस के चक्कर लगा रहे हैं।

भरोसे में लेकर कैसे डीलर ने की ठगी, पढ़िए पूरी रिपोर्ट

नर्मदापुरम निवासी अरविंद बामने सिविल कॉन्ट्रेक्टर हैं। मकान बनाने का ठेका लेते हैं। उन्होंने बताया, 'नगर के रसूलिया क्षेत्र में सीमेंट कंपनी के डीलर अनूप सिंह की 'सिंह एंड संस' फर्म है। वह कई साल से सीमेंट दुकान चला रहा है। लंबे समय से मैं उससे सीमेंट खरीदता आ रहा था।'

अरविंद ने बताया कि व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा बढ़ी तो अनूप की सीमेंट की बिक्री कम हो गई थी। इस दौरान जून 2023 में अनूप ने "होशंगाबाद कॉन्ट्रेक्टर" नाम से एक वॉट्सएप ग्रुप बनाया। इसमें शहर के कई ठेकेदारों और इंजीनियर्स को जोड़ा। सीमेंट की ब्रिकी बढ़ाने के लिए स्कीम भी निकालनी शुरू कर दी।



इसका जिक्र वॉट्सएप ग्रुप में किया।

### पति और पत्नी दोनों डालते थे स्कीम के मैसेज

ठेकेदार अरविंद बामने ने बताया कि वॉट्सएप ग्रुप में अनूप सिंह और उसकी पत्नी के मोबाइल नंबर से स्कीम के मैसेज डाले जाते थे। मैसेज में लिखा रहता था- स्कीम निर्धारित समय के लिए वैध है। पहली 10 बुकिंग कराने वालों को ही लाभ मिलेगा।

### डीलर लालच देता गया और ठेकेदार फंसते गए

अरविंद बामने ने बताया- अनूप ने 25 बैग सीमेंट खरीदने पर एक सप्ताह बाद 25 ग्राम का चांदी का सिक्का देने की बात कही। स्कीम का फायदा उठाने के लिए मैंने 15 जून 2023 को 8 हजार 375 रुपए एडवांस जमा कर दिए। एक सप्ताह बाद बदले में डीलर ने सिक्के के बदले 1750 रुपए नगद दे दिए।'

इसके बाद 3 अक्टूबर 2023 को अरविंद 150 बैग सीमेंट खरीदने वापस गया तो अनूप ने 150 बैग का एडवांस भुगतान करने पर 15 दिन बाद सीमेंट और साथ में 13.5 ग्राम सोना देने का लालच दिया। इस पर अरविंद ने उसे एडवांस ऑनलाइन भुगतान कर दिया।

इसके 15 दिन बाद रैक नहीं आने की बात कहकर डीलर ने उसे दूसरी कंपनी की सीमेंट खरीदने की स्कीम बताई। अरविंद ने फिर लालच में आकर रुपए इन्वेस्ट कर दिए। इसी तरह नवंबर 2023 तक आरोपी कई प्रकार की स्कीम से गोल्ड देने का लालच देता रहा।

### शुरुआत में बाइक और चांदी का सिक्का देकर भरोसा जीता

ठेकेदारों ने बताया कि जून 2023 से अनूप ने ठेकेदारों और इंजीनियरों को स्कीम का फायदा देना शुरू किया। शुरुआत में अलग-अलग स्कीम के तहत चांदी का सिक्का, नकद रुपए, बाइक और दूसरे महंगे सामान बांटे। वह महंगे होटलों में पार्टी देता था।

करीब तीन महीने तक यही सिलसिला चला, जिससे सभी ठेकेदारों को डीलर पर भरोसा हो गया। इसके बाद जो भी स्कीम ग्रुप में भेजी जाती, ठेकेदार उस योजना का लाभ लेने रुपए लेकर पहुंच जाते थे।

### 22 ठेकेदार-इंजीनियरों के 3 करोड़ से ज्यादा फंसे

नर्मदापुरम देहात थाने में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, अरविंद बामने के अलावा ठेकेदार पवन गौर, अनुपम दास, पार्थ वर्मा, जुगल किशोर, पप्पू शर्मा, बल्लू भदौरिया, इमरान अली, अभिमन्यु सिंह, दुर्गेश भदौरिया, हरिशंकर साहू, सूर्यभान सिंह, अमित दीवान, प्रदीप गौर, हेमंत गौर, विवेक साहू, विमल राजपूत, राजेश राजपूत, शिरीष बानखेड़े, दमन राजपूत, जितेंद्र तिवारी और मुकेश गौर ठगी का शिकार हुए।एफआईआर के अनुसार, इस जालसाजी में इन सभी के 3 करोड़ से ज्यादा रुपए फंसे हुए हैं।

# मंत्री बोले- बेटियां शिक्षित हो और आगे बढ़े

## सरपंच संवाद में तुलसीराम सिलावट कहा- पंचायत स्तर पर एक गार्डन तैयार करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मंत्री तुलसीराम सिलावट बोले- हमारी बेटियां शिक्षित हो और आगे बढ़े। विश्व पटल पर परिवार और देश का नाम रोशन करें। उच्च शिक्षा के साथ सशक्त और आत्मनिर्भर हो। बेहतर शिक्षा और बेटियों को आगे बढने के नए अवसर मिले इसके लिए केन्द्र और प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है।**

मंगलवार को पीएमश्री कन्या उ. मा. विद्यालय सांवेर में साइकिल वितरण कार्यक्रम में मंत्री तुलसीराम सिलावट शामिल हुए। उन्होंने कहा कि, बालिकाएं शिक्षा से वंचित ना हो और वे लगातार पढ़ाई करते हुए आगे बढ़े। साइकिल मिलने से बालिकाओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और बेटियां अपनी आगे की पढ़ाई भी जारी रख सकेंगी। कार्यक्रम में 148 बालिकाओं को साइकिल बांटे गए। इस दौरान सिलावट ने बालिकाओं से संवाद भी किया। कक्षा 6वीं और 9वीं की बालिकाओं को साइकिल का वितरण किया।

### मंत्री बोले- प्रदेश के विकास में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण

इस कार्यक्रम के बाद मंत्री सिलावट रोजगार मेला कार्यक्रम में पहुंचे। जहां पर उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के विकास में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। ज्यादा से ज्यादा युवा आत्मनिर्भर हो, इसके लिए केन्द्र और प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। रोजगार मेले के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिले, इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों की श्रृंखला में प्रदेश के प्रत्येक जिले में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

### पंचायत स्तर पर एक गार्डन तैयार करें, जो समुदाय के लिए बेहतर सुविधाओं का केन्द्र बने

इंदौर के सांवेर विधानसभा में सरपंच संवाद कार्यक्रम में भी मंत्री सिलावट शामिल हुए। जहां पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। आश्रय निधि का लाभ ज्यादा से ज्यादा जिले की पंचायतों को मिले। इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पंच के मुख से परमेश्वर बोलता है। ग्राम विकास के मूल भाव को सर्वोपरि रखते हुए आगे आए और कार्य करें। सरपंचों से कहा कि पंचायत स्तर पर एक गार्डन तैयार करें, जो समुदाय के लिए बेहतर सुविधाओं का केन्द्र बने।

### फ्लाईओवर का निरीक्षण करने पहुंचे सिलावट

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने लवकुश चौराहे पर बने रहे फ्लाईओवर का निरीक्षण भी किया। विजयनगर से सुपर कॉरिडोर को जोडऩे वाले इस फ्लाईओवर की एक हिस्सा का शीघ्र ही लोकार्पण होना प्रस्तावित है। इस फ्लाईओवर निर्माण की स्थिति का जायजा लेते हुए मंत्री सिलावट ने आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने बाकी बचे कार्यों को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए।

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का राहुल गांधी पर तंज

# बोले- भाई जलेबी की फैक्ट्री बना रहा था, हरियाणा की जनता ने नुक्ती बांट दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश के नगरीय विकास और आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने हरियाणा विधानसभा चुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने नागपुर में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का जलेबी से मुंह मीठा कराते हुए कहा, 'विपक्ष के लोग जलेबी की फैक्ट्री बना रहे थे, लेकिन हरियाणा की जनता ने उन्हें नुक्ती बांट दी।**

उन्होंने कहा, विपक्ष के लोग कहते थे, किसान नाराज हैं, किसानों ने भाजपा को वोट दिया। वे कहते थे कि दलित भाई नाराज हैं, दलित भाइयों ने भी वोट दिया। युवा नाराज हैं, युवाओं ने भी भाजपा को वोट दिया। वे कहते थे महिलाएं नाराज हैं, महिलाओं ने भी भाजपा को वोट दिया है। मंत्री ने कहा, बताएं कौन नाराज है भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से? मैं कहता हूं, हरियाणा के चुनाव ने साबित कर दिया है, अब इन परिणामों को महाराष्ट्र और झारखंड भी रिपीट करेगा।



### हरियाणा विधानसभा में बीजेपी की लगातार तीसरी जीत

भाजपा हरियाणा के इतिहास में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने वाली पार्टी बन गई है। पार्टी ने 2014 के 10 साल बाद, इस बार फिर से अपने बूते पूर्ण बहुमत हासिल किया है। भाजपा के खिलाफ एंटी इनकम्बेंसी और सत्ता विरोधी लहर का दम भरने वाली कांग्रेस की हवा चुनावी नतीजों में निकल गई। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्?डा की अगुआई में कांग्रेस की 2019 के मुकाबले 5 सीटें बढ़ीं, लेकिन वह बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाई और 37 सीटों पर सिमट गई। भाजपा की इस हैट्रिक के पीछे कई फैक्टर रहे। पार्टी ने लोगों के गुस्से से निपटने के लिए 4 मंत्रियों समेत अपने एक तिहाई रूरु्र के टिकट काट दिए थे। 2019 में उसके जो 23 चेहरे जीत नहीं पाए थे, इस बार उनकी जगह नए लोगों को मौका दिया गया और उनमें से 12 विजयी रहे।

### अपेक्स बैंक का विशेष ऋण महोत्सव शुरु

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अपेक्स बैंक की सभी शाखाओं द्वारा 'विशेष ऋण महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वितरित किये जाने वाले विभिन्न व्यक्तिगत ऋणों पर ब्याज की दरों में 0.50 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ ग्राहकों को दिया जायेगा। सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में दशहरा एवं दीपावली के शुभ-अवसर पर 8 अक्टूबर से 6 नवंबर तक ग्राहक इसका लाभ ले सकते हैं। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक श्री मनोज कुमार गुप्ता ने सभी शाखा प्रबंधकों को इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं। इसमें आवास ऋण, पर्सलन लोन, वाहन लोन, अचल सम्पत्ति के बंधक पर ऋण, लोडिंग ऑटो ऋण, रूफटॉप सोलर ऋण सहित अन्य ऋणों पर 0.50 प्रतिशत विशेष छूट का लाभ ग्राहकों को मिलेगा।

# डिजिटल घर बुक करवा कर महापौर ने दिया आवंटन पत्र

## इंदौर में नगर निगम ने 14 जगह पर बनाई पीएम आवास की 18 हजार 606 यूनिट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खुद का घर होना जीवन की सार्थकता और सफलता को दिखाता है। साल 2015 में देश के पीएम ने खुद के लिए एक सपना देखा था की बस्तियों के रहने वाले लोगों को अपना घर मिले। इसके लिए योजना शुरू की थी। इसकी सफलता के बाद मिडिल इनकम और लो इनकम वालों के लिए भी योजना बनाई जिसका लाभ आज देश भर में लाभार्थियों द्वारा लिया जा रहा है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इंदौर पीएम आवास मेले का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि इंदौर में हमने 14 जगह पर 18606 यूनिट बनाई है, जिसमें 10 हजार से ज्यादा आवंटित की जा चुकी है। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सपनों का मकान आप घर बैठे भी ले सकते हैं। इसकी आसानी से बुकिंग की जा सके इसे लेकर नगर निगम द्वारा इसको डिजिटल किया गया है। आप जहां है वहीं से इसे बुक कर सकते हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा लाभार्थियों को आवंटन पत्र देने के साथ ही नए लाभार्थियों से ऑनलाइन फ्लैट भी बुक करवाए। महापौर ने निर्माणाधीन यूनिट का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के साथ, एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ल, विधायक प्रतिनिधि बलराम वर्मा, महापौर प्रतिनिधि अंशुमान चौहान, अपर आयुक्त एनएन पांडे, अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी और संतोषी गुप्ता सहित विभाग के अधिकारी आदि शामिल हुए।




# दिग्विजय सिंह इंदौर में कर सकते है शस्त्र पूजन

## सीएम यादव भी दशहरा पर आ सकते हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दशहरे के दिन राजनीतिक हलचल तेज रहने वाली है। जानकारी के अनुसार, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और कांग्रेस के दिग्गज नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह अलग-अलग शस्त्र पूजन कार्यक्रमों में शामिल होंगे।**

सरकार के आदेश के मुताबिक, सभी प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने प्रभार वाले जिलों के शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शामिल होना है। इसी क्रम में, सीएम मोहन यादव इंदौर के प्रभारी मंत्री होने के नाते पुलिस के शस्त्र पूजन कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। हालांकि, पुलिस सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति को लेकर अभी अंतिम मुहर लगना बाकी है। वहीं, इंदौर में कांग्रेस भी एक बड़े आयोजन की तैयारी में जुटी है। इंदौर 2 विधानसभा



क्षेत्र के गौरी नगर में कांग्रेस पार्षद राजू भदौरिया द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए इंदौर 2 की कांग्रेस की टीम पूरी ताकत से काम कर रही है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हामी भर दी है।

भदौरिया की टीम का कहना है कि दिग्विजय सिंह के अलावा प्रदेश के अन्य बड़े नेताओं को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। हालांकि, इंदौर कांग्रेस से मिली जानकारी के अनुसार, अभी तक दिग्विजय सिंह के इंदौर दौरे का आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है।

# गरबा पांडाल में नाम बदलकर घुसा युवक

## बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़ा तो असली नाम आसीम बताया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। निपानिया में एक गरबा पंडाल में मंगलवार रात बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एक युवक को पकडक़र उसकी जमकर पिटाई कर दी। बताया जाता है कि वर्ग विशेष का युवक पंकज बनकर यहां घुसा था। शक होने पर जब उसे पकडा़ तो उसने अपना नाम आसीम बताया। बाद में वह माफी मांगने लगा। देर रात उसे पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने उस पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।**

लसूडिया इलाके के निपानिया में चल रहे टीजीएल गरबे में रात को बजरंगी पहुंचे थे। यहां एक लडक़े को पंडाल से पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पंकज बताया। जब उससे आईडी मांगी तो आनाकानी करने लगा। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जब उसे पीटा, तो वह देवास का आसीम नागौरी निकला। बाद में उसे पुलिस के सुपुर्द किया गया। पकडाने पर गौरव उर्फ आसीम से पूछा कि वह यहां क्यों आया है, तो उसने बताया कि देवास से चार दोस्त उसे लेकर आए थे। बजरंगियों के आने पर वह भाग गए।

### मोबाइल में मिली अश्लील चैट

पंकज उर्फ आसीम नागौरी के पास मिले मोबाइल से अश्लील चैट मिली है। जिसमें वह कई लड़कियों से अश्लील बातें कर रहा है। उसमें कुछ लड़कियों को वह वीडियो वायरल करने की बात करते हुए ब्लैकमेल भी कर रहा है। पुलिस ने इस मामले को लेकर भी जांच शुरू की है।

# कांग्रेस अध्यक्ष चड्ढा ने कन्याओं के पैर पूज कर लिया आशीर्वाद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। संस्था अभिराज गरबा महोत्सव के संरक्षक हिमांशु यादव ने बताया कि संस्था अभीराज गरबा महोत्सव द्वारा सपना संगीता के सामने पटेल नगर बगीचे में विगत 42 वर्षो से लगातार कराए जा रहे रंगा रंग गरबा महोत्सव के साथ साथ कई प्रकार के धार्मिक आयोजन भी किए जाते हैं।**

कल आयोजन में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा शामिल हुऐ जिन्होंने पंडाल में गरबा करने वाली छोटी-छोटी बच्चियों के पेर पूजन कर बालिकाओं को उपहार दिए साथ ही माता रानी से प्रार्थना भी की । इस मौके पर आनंद नंदवाल, गिरिश जोशी, मनीष नंदवाल, लोमेश पाल, रवि यादव, सुनील कुशवाह उपस्थित थे।

# ससुराल वालों ने दामाद को पीटा, अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तुकोगंज इलाके में एक युवक की पत्नी,सास-ससुर साले और कुछ युवकों ने जमकर पिटाई कर दी। युवक को इतना पीटा की उसकी गर्दन की हड् ्डी टूट गई। गंभीर रूप से घायल युवक को परिवार के लोग बेहोशी की हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उसे रात से ही वेंटिलेटर पर रखा गया है। पुलिस ने देर रात पत्नी,सास-ससुर व अन्य लोगों पर हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक राज जाटव (23), निवासी रूस्तम का बगीचा को उसके परिजन गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पिता चंदू जाटव ने बताया कि रात को उसके साथ ससुराल के लोगों ने मारपीट की। पुलिस ने रात को चंदू की शिकायत पर पलक जाटव, गजेन्द्र बिराडिया, मदनलाल, राज की सास और अन्य लोगों पर केस दर्ज किया है। चंदू ने पुलिस शिकायत में बताया कि बेटे राज और उसकी पत्नी पलक के बीच दो-तीन माह से घरेलू विवाद चल रहा है। बहू पलक दो माह से अपने मायके में रह रही है।

मंगलवार रात करीब 10 बजे राज अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया था। रात में कॉलोनी में रहने वाले लडक़ों ने घर आकर बताया कि राज से उसके ससुराल के लोग मारपीट कर रहे हैं। इसके बाद पत्नी ललिता और वह दौड़ते हुए पहुंचे, तो सीतला माता मंदिर के पास राज जमीन पर पड़ा हुआ था। उसकी पत्नी और अन्य लोग उसे डंडे और लात-घूंसों से पीट रहे थे। उन्हें जाकर रोका तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। अन्य लोगों की मदद से बेटे को उठाकर अस्पताल लेकर आए। यहां उसके दोनों पैर, हाथ और गले की हड्डी में फ्रैक्चर बताया गया है।

राज और पलक एक दूसरे को लंबे समय से जानते थे। दो साल पहले बालिग होने पर दोनों ने घर वालों से छिपाकर लव मैरिज कर ली थी। इसके बाद से राज अपने माता-पिता के पास रह रहा था। परिवार के मुताबिक राज का ससुराल घर से करीब 500 मीटर दूरी पर है। पुलिस ने रात में राज के ससुर मदन और साले गजेंद्र को हिरासत में ले लिया है।



# चार दिवसीय महोस्त्व की शुरुआत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** केशरिया जैन गरबा मंच द्वारा मंगलवार को श्री हंसदास मठ गार्डन में मंगलाचरण से शुरुआत के साथ चार दिवसीय गरबा महोत्सव की शुरूआत हुई व विशेष प्रस्तुति हम सब चले श्री सम्मेद शिखरजी, जिसमें उद्घाटनकर्ता अजीत प्रियंका दोषी, वीरेन्द्र जैन आईआरएस एडिशनल कमिश्नर, नवीन गोधा, आयोजककर्ता संदीप शीतल पहाडि़या, मनोज काला (पूर्व पार्षद) शीतल पहाडिया, ऋतु काला सायोजककर्ता ज्योति सेठी, प्रीति मोदी नीलम गोधा, राजकुमार पाटनी, नरेश काला, पवन पटौदी, यश काला, पुष्पेन्द्र जैन विनोद गंगवाल, पवन झांझरी आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवार को पेट्रोल पंपकर्मी ने पीटा

**इंदौर।** एक पंपकर्मी पर पेट्रोल लेने पहुंचे ग्राहक ने मारपीट का आरोप लगाया है। वह जल्दी गाड़ी में पेट्रोल डलवाना चाह रहा था, इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बेटमा पुलिस के अनुसार घटना देपालपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप की है । कैलाश पिता तोलाराम निवासी आवास कॉलोनी की शिकायत पर आरोपी पवन निवासी देपालपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी देपालपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप पर काम करता है। रात को वह अपनी गाड़ी में पेट्रोल लेने के लिए पहुंचा था। उसे जल्दी जाना था, इसलिए आरोपी कर्मचारी से कहा कि जल्दी से बाइक में तेल डाल दो। इसी बात पर आरोपी कर्मचारी ने उसे अपशब्द कहे और बोला कि ज्यादा जल्दी हो रही है,फरियादी ने गालियां देने से मना किया तो आरोपी और ज्यादा नाराज हो गया।

# पुलिसकर्मी के भाई का अपहरण करने वाला पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रूपए के विवाद में पुलिसकर्मी के भाई का अपहरण कनरे वाले एक बदमाश को पुलिस ने पकड़ा है, उसके साथी अभी भी फरार हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

कनाडिय़ा थाना क्षेत्र में फिनिक्स माल के पीछे से जीपी पाल का निक्की उर्फ प्रशांत शर्मा, रामभजन गुर्जर,त्रषभ भदौरिया, प्रांजल और अन्य ने कार, जीप और स्कार्पियो से आकर अपहरण कर लिया था। पाल की गाड़ी को टक्कर मारी थी तो इनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। वो गाड़ी वहीं छोडक़र दूसरी गाडियों से पाल को लेकर तिंछा फाल गए थे यहां उसके साथ मारपीट कर खाली चेक दस्तखत कराकर ले गए थे और अन्य दस्तावेजों पर भी दस्तखत करा लिए थे। गाड़ी से उसे कहीं ले जा रहे थे तो वो कूदकर भाग गया था। उसका भाई गौतम पाल एमआईजी थाने में सिपाही है। उसने भाई को घटना बताई। इसके बाद कनाडिय़ा थाने में केस दर्ज हुआ था। तभी से आरोपी फरार थे। कनाडिया थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह सिसौदिया को खबर मिली कि भदौरिया न्यूयार्क सिटी राऊ बायपास घर पर आया है। उन्होंने सहायक थानेदार हरीश गौड़ और अन्य पुलिस को उसे पकडऩे भेजा। टीम उसे गिरफ्तार कर लिया।

## घर में घुसकर महिला पर हमला

**इंदौर।** मकान पर कब्जे की नीयत से आरोपियों ने घर में घुसकर महिला पर हमला कर दिया। गांधीनगर पुलिस के मुताबिक फरियादी ममता देवी पति अमित यादव निवासी बाहुबली नगर की शिकायत पर आरोपी सारिका शिल्पी जैन और अभिनेश जैन के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

# जागरुकता हेतु एडीसीपी डॉ. दंडोतिया को डाक्टरेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आधुनिक पुलिसिंग का क्षेत्र पारंपरिक अपराध रोधी रणनीतियों से कहीं अधिक व्यापक है और साइबर खतरों से निपटने के लिए विशेषज्ञता और पूर्व दृष्टि की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। इस संदर्भ में एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया को साइबर अपराध और खतरों की जटिलताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने की प्रतिबद्धता के कारण मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी ,अमेरिका से मानद डॉक्टरेट साइबर क्राइम में पीएचडी प्राप्त हुई है।

विवि के चयनित सदस्यों ने आपको मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है जो उनका इस क्षेत्र में योगदान का सम्मान है। डा. दंडोतिया ने जागरूकता अभियानों में साइबर अपराध पर अपनी दिलचस्प और जानकारी पूर्ण वार्ताओं के माध्यम से 2 लाख से अधिक व्यक्तियों तक पहुँच बनाई है। आपके सत्र न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उपयोगकर्ताओं के लिए व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करते हैं। आपने नागरिकों को संभावित खतरों को पहचानने और अपने व्यक्तिगत डेटा की रक्षा करने के लिए सशक्त बनाया है। डॉ.दंडोतिया ने इंदौर क्षेत्र में 300 से अधिक ऑनलाइन और आफलाइन सत्र आयोजित किए हैं, जिनसे स्कूल के बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों तक उनकी पहुंच सामुदायिक सहभागिता की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



# मन्नत उतारने निकले कपल को मिली दर्दनाक मौत

## पिकअप ने टक्कर मार नाना को कुचला तो नानी को 200 मीटर घसीटा, नाती गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी। मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के बिजासन चौकी क्षेत्र स्थित आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज पिकअप वाहन की टक्कर से एक दम्पति की मृत्यु हो गई। वहीं, उनका तीन वर्षीय नाती घायल हो गया। घटना में मासूम गोद से उछलकर दूर जा गिरा जबकि उसकी नानी को पिकअप वाहन 200 फीट दूर तक घसीट कर ले गया।**

एसडीओपी सेंधवा कमल सिंह चौहान के अनुसार गवाड़ी के समीप हुई इस दुर्घटना में 45 वर्षीय मंडले और उनकी पत्नी कल्पना की मृत्यु हो गई। वहीं, उनका 3 वर्षीय नाती अंशु गम्भीर रूप से घायल हो गया। शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ गंभीर को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।



**नींद की झपकी में खोया कंट्रोल-** दंपति की पुत्री दीपाली महाराष्ट्र के शिरपुर से सेंधवा लौटी थी और वे लोग आज मन्नत उतारने बिजासन मंदिर जा रहे थे। दीपाली सेंधवा से 16 किलोमीटर दूर बिजासन मंदिर पैदल जा रही थी। पुलिस ने पिकअप वाहन जब्त कर चालक की तलाश आरंभ कर दी है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चालक को नींद आ गई थी।

प्रत्यक्षदर्शी राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि अचानक पिकअप वाहन ने चाय पी रहे दंपति को टक्कर मार दी। तत्काल पुलिस को सूचित किया गया। राजेंद्र गुप्ता नवरात्रि के दौरान भक्तों को निशुल्क चाय पिलाते हैं।

### मन्नत उतारने जा रहे थे माता मंदिर

दंपति अपने नाती की मन्नत उतारने सेंधवा से 16 किलोमीटर दूर मध्य प्रदेश महाराष्ट्र सीमा पर स्थित बिजासन माता के मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान वे श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए स्टॉल पर चाय पीने लगे। इसी बीच एक तेजी से आ रही पिकअप वाहन ने उनको टक्कर मार दी।

### पिकअप ने मारी टक्कर

पिकअप से टक्कर लगते ही नानी की गोद में बैठा मासूम नाती उछलकर दूर जा गिरा। वहीं, संजय मंडले की कुचले जाने से मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी कल्पना को पिकअप वाहन करीब 200 फीट तक घसीटते हुए ले गया।

## सिमरी खुर्द गांव में घर के अंदर घुसा पांच फीट लंबा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** दमोह जिले के सिग्रामपुर रेंज की माला वन चौकी के गांव सिमरी खुर्द में सोमवार रात को एक 5 फीट लंबा मगरमच्छ एक युवक के घर में घुस गया। घर में मगरमच्छ देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया और चीख-पुकार मचने लगी। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हंड्रेड डायल को सूचना दी। हंड्रेड डायल के पुलिसकर्मियों ने तुरंत वन विभाग को सूचित किया, जिसके बाद बीट गार्ड राजेंद्र चनपुरिया और संदीप राज ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ का रेस्क्यू किया। मगरमच्छ सोनू राठौर के घर के आंगन से होते हुए उस कमरे में छिपा बैठा था, जहां मवेशी बंधे हुए थे। भैंसों की हलचल की आवाज सुनकर पशुपालक ने देखा तो पाया कि वहां 5 फीट लंबा मगरमच्छ बैठा हुआ है। दहशत में जोर-जोर से चिल्लाने पर परिजन और गांव के लोग इकट्ठा हो गए। वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने रात 1 बजे से लेकर 2:30 बजे तक मगरमच्छ का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया और उसे जिले के सबसे बड़े माला जलाशय में रात में ही छोड़ दिया।

## देवास रोड पर खड़े ट्रक को ट्राले ने टक्कर मारी, सडक पर सो रहे युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन जिले की देवास रोड स्थित ग्राम चंदेसरा के पास खड़े ट्रक को पीछे से आए ट्राले ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक के आगे सो रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर और ट्राले का चालक भी घायल हो गए। पुलिस ने बताया हादसा चंदेसरा के पास हुआ।

जानकारी केअनुसार प्रकाश पिता नागेश्वर उम्र 47 वर्ष निवासी धार नाका महू ट्रक में चावल भरकर कटनी से उज्जैन आ रहा था। चंदेसरा के पास ट्रक खराब हो गया तो उसने ट्रक को सडक की साइड में खड़ा कर मालिक को सूचना दी। इस पर ट्रक मालिक का रिश्तेदार किशोर सिंह जादौन चंदेसरा में ड्राइवर के पास पहुंचा। रात अधिक होने के कारण मैकेनिक ने सुबह ट्रक सुधारने की बात कही। इस पर ड्राइवर ट्रक के कैबिन में सो गया और किशोर ट्रक के आगे सडक पर सो गया। सुबह करीब 4 बजे केले से भरा ट्रक तेज रफ्तार से देवास की तरफ से आया। जिसने खड़े ट्रक में पीछे से तेज टक्कर मार दी। नतीजतन चावल से भरा ट्रक आगे बढ़ा और किशोर को रौंद दिया। उधर ड्राइवर ट्रक के कैबिन से गिरकर घायल हो गया। दुर्घटना में कैले से भरे ट्रक का ड्राइवर विजेंद्र भी घायल हो गया। विजेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह भुसावल से ट्रक में कैले भरकर जयपुर जा रहा था। दोनों घायलों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



## तेरहवीं से लौट रहे बाइक सवारों को ट्रक ने मारी टक्कर, महिला की मौत...दो गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** दमोह-छतरपुर मार्ग पर देहात थाना क्षेत्र में आने वाले इमलाई बाईपास पर पेट्रोल पंप के सामने मंगलवार शाम तेरहवीं से लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों को आलू से भरे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो महिलाओं में से एक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हैं।

स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती घायल इमलाई निवासी प्रेम नारायण पटेल ने बताया कि वह मां अनसुइया पटेल और बड़ी मां को बाइक से सीतानगर रिश्तेदार के यहां तेरहवीं पूजन कार्यक्रम में लेकर गया था। वहां से लौटते समय इमलाई पहुंचने से कुछ पहले ही पेट्रोल पंप के पास ट्रक ने टक्कर मार दी।

## सहेली के बाप ने छह साल की बच्ची से किया दुष्कर्म, ससुराल में रह रहा है आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** सीहोर जिले में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। इछावर थाना क्षेत्र के गांव में एक अधेड़ व्यक्ति ने छह साल की बच्ची से गलत काम किया। आरोपी की बेटी और पीड़िता आपस मे सहेली हैं। पीड़ित बालिका अपनी सहेली को बुलाने उसके घर गई थी। वहां आरोपी ने 20 रुपये और लॉलीपॉप का लालच देकर उसके साथ ज्यादती की। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इछावर थाना पुलिस को पीड़िता की मां ने बताया कि उसकी बेटी अपनी सहेली के साथ खेलने के लिए रविवार को उसके घर गई थी। वहां सहेली का पिता मिला। उसने बेटी को 20 रुपये और लॉलीपॉप का लालच दिया। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। आरोपी अपना मोबाइल लेने के लिए गया। इसी दौरान बेटी वहां से भागकर घर पहुंच गई। घर पर उसने पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## नकली खाद का जखीरा किया जब्त, खाद की किल्लत का फायदा उठा किसानों को बेच रहे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा।** मध्य प्रदेश में इन दिनों जहां एक ओर कई जिलों में किसानों को खाद की कमी झेलना पड़ रही है, तो वहीं इसका फायदा उठाते हुए कुछ व्यापारी मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में नकली खाद भी किसानों को बेच कर उनके साथ ठगी कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला प्रदेश के हरदा जिले में सामने आया है, जहां जिला प्रशासन की टीम ने एक मकान में छापामार कार्रवाई करते हुए, खिरकिया के किसान मोहल्ला निवासी रमेश कुमार विश्वकर्मा के मकान एवं गोदाम से बड़ी संख्या में नकली खाद बरामद किया है।बताया जा रहा है कि कृषि एवं राजस्व विभाग के दल ने रमेश कुमार के घर दबुश देकर वहां से किसान सरदार कंपनी के अवैध भंडारण कर रखे हुए उर्वरक के 326 बैग जब्त किये हैं, जिनकी कुल मात्रा 16.3 मीट्रिक टन है। इस पूरे मामले में सहायक संचालक कृषि अखिलेश पटेल ने बताया कि फास्फेट रिच आर्गेनिक खाद के इस अवैध भंडारण को जब्त कर सचिव कृषि उपज मण्डी खिरकिया के गोदाम में सुरक्षित रखवाया गया है। इसके साथ ही जब्त उर्वरक का सैंपल लेकर परीक्षण के लिये प्रयोगशाला में भेजा जाएगा । बता दें कि इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम खिरकिया अशोक डेहरिया सहित तहसीलदार खिरकिया राजेन्द्र पंवार के साथ ही राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे। वहीं खिरकिया एसडीएम अशोक डेहरिया ने बताया कि जिला कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में यह पूरी कार्रवाई की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान मौके पर कोई लायसेंस या वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध न होने के चलते आरोपी संदीप सोनी के खिलाफ थाना छीपाबड़ में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की गई है।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज के साथ मोहन यादव का रोड शो, सीएम बोले- हमारी सरकार गरीब और किसानों की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार गरीब और किसानों की सरकार है। पहले वीआईपी को तो हर सुविधा मिलती थी, परंतु गरीब व्यक्ति उन सुविधाओं से वंचित रहता था। हमारी सरकार गरीबों को भी हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध करा रही है। अब अगर सड़क दुर्घटना में कोई गरीब घायल होता है तो उसे अस्पताल पहुंचाने के लिए सरकार हेलीकॉप्टर पहुंचाएगी।**

यदि मौत हुई तो सरकार उसे उसके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था करेगी, जिन गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। उनके लिए आज से सर्वे चालू हो गया है। सभी पात्र व्यक्तियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस क्षेत्र के विकास के लिए जो भी घोषणाएं की गई हैं, वे सभी पूरे होंगे। इस कार्यक्रम का प्रसारण प्रदेश सहित कई राज्यों में देखा गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को जिले के भैरूंदा में ग्राम विकास सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरी दुनिया में सम्मान है। उन्होंने भारत का गौरव बढ़ाया है और दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। दुश्मनों से उनका कहना है कि यदि आप गोली फेंकोगे तो हम गोला फेकेंगे। सीमा पर जवान और खेत पर किसान, दोनों का गौरव बढ़ा है। हमारी सरकार किसान और जवान दोनों के कल्याण के लिए कार्य करती है। किसानों को हर संभव सहायता दी जा रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों का सोयाबीन खरीदा गया है। आज यहां आठ खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का लोकार्पण किया गया है। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी निरंतर कार्य हो रहा है।

## संपादकीय

# अति आत्मविश्वास ने डुबोई नैया

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे तमाम विश्लेषणों और सर्वेक्षणों को धता बता चुके हैं। चुनाव पश्चात हुए सभी सर्वेक्षण हरियाणा में कांग्रेस की शानदार विजय और भाजपा की बुरी हार घोषित कर चुके थे। जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा का अनुमान लगाया जा रहा था। मगर नतीजे उसके ठीक उलट आए। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को नकार दिया। भाजपा को भी जम्मू क्षेत्र से जैसी बढ़त की उम्मीद थी, वह पूरी नहीं हुई। कांग्रेस और नैशनल कांफ्रेंस ने मिल कर जरूरी बहुमत से अधिक सीटें जीत ली हैं। मगर तमाम चुनाव विश्लेषक और सर्वेक्षक हैरान हैं कि हरियाणा में भाजपा का जादू कैसे चल गया। बहुत सारे लोगों को अब तक नतीजों पर यकीन नहीं हो रहा। इसलिए कि चुनाव की घोषणा से पहले ही हरियाणा में भाजपा का विरोध शुरू हो गया था। कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की सीटें घट कर आधी रह गई थीं। विधानसभा चुनाव में सत्ताविरोधी लहर साफ देखी जा रही थी। चुनाव दो-ध्रुवीय हो गया था। टिकट बंटवारे के वक्त भाजपा कार्यकर्ताओं में पहली बार विद्रोह का स्वर भी फूटा था। कुछ नेता भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में लौट आए थे। इस तरह इस चुनाव को लेकर भाजपा भी संदेह से भरी हुई थी। हरियाणा में किसान, नौजवान, पहलवान और संविधान का मुद्दा कांग्रेस ने बढ़-चढ़ कर उठाया था। इसका असर भी नजर आ रहा था। किसानों और पहलवानों के मुद्दे पर कई जगह भाजपा नेताओं का बहिष्कार भी देखा गया। इसलिए जमीन पर यही लग रहा था कि कांग्रेस भारी बहुमत के साथ वापसी करने जा रही है। मगर नतीजे भाजपा के पक्ष में आए। जो भाजपा पिछली बार चालीस सीटों पर सिमट गई थी और उसे जजपा के साथ समझौता कर सरकार बनानी पड़ा थी, इस बार उसे स्पष्ट बहुमत मिल गया। ऐसा ही माहौल छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के वक्त था। कांग्रेस की जीत साफ नजर आ रही थी, मगर वहां भाजपा ने स्पष्ट बहुमत से कहीं अधिक सीटें हासिल कर ली थी। हरियाणा नतीजों के बाद भी फिर से मतदान मशीन पर शक जाहिर किया जाने लगा है। खुद कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग में इसकी गुहार लगाई है। मगर चुनावी समीकरणों को देखें तो स्पष्ट है कि भाजपा की रणनीति सफल रही है और कांग्रेस इस बार भी अपनी रणनीति में विफल साबित हुई है।

### अर्ज़ किया है..!

*किस वास्ते लिक्खा है*
*हथेली पे मिरा नाम*
*मैं हर्फ़-ए-ग़लत हूँ तो*
*मिटा क्यूँ नहीं देते*

*-हसरत जयपुरी*

## OSHO कहिन

**अज्ञानी बने रहना अच्छा है, कम से कम अज्ञान तो आपका होता है। ये प्रामाणिक है, यही सच और ईमानदारी है।**



### ज्ञान-विज्ञान

# इस प्राचीन मछली ने डायनासोरों को मरते देखा है... आज भी जिंदा है ये 10 करोड़ साल पुरानी प्रजाति



एलिगेटर गार (Alligator Gar)... इसे जिंदा जीवाश्म भी कहा जाता है. क्योंकि यह 10 करोड़ साल से जीवित प्रजाति है. इसके मगरमच्छ जैसे मुंह के अंदर नुकीले दांतों की दो पंक्तियां होती हैं. जो अपने शिकार को एक बार में चीर डालती हैं. इस प्राचीन मछली को आजतक न प्राकृतिक आपदा मार पाई, न ही उस समय के डायनासोर.

आमतौर पर ये मछली अमेरिका और मेक्सिको की नदियों में मिलती है. या फिर मेक्सिको की खाड़ी में. यह खाने के लिए केकड़े, मछली, पक्षी, स्तनधारी जीव, कछुएं जैसे जीव पसंद करती है. इसकी नाक बहुत लंबी होती है. शरीर पर कवच जैसे स्केल्स बने होते हैं. इसे कोई भी मगरमच्छ समझ सकता है, अगर पानी में ऊपरी सतह पर तैर रही हो.

इसलिए ही इसे लोग एलिगेटर गार बुलाते हैं. यह अधिकतम 8 फीट लंबी हो सकती है. वजन 136 किलोग्राम तक हो सकता है. ये बहुत तेजी से बढ़ने वाली मछली है. ये अपने अंडे से निकलने के बाद पहले ही साल में 2 फीट लंबी हो जाती हैं. फिर अपने पूरे जीवन बढ़ती रहती है. ये अधिकतम 100 साल तक जी सकती हैं.



### जिंदा जीवाश्म क्यों कहा जाता है इसे?

एलिगेटर गार दुनिया के उन प्राचीन जीवों में शामिल हैं, जो करोड़ों वर्षों से जीवित हैं. या उनकी प्रजाति बिना किसी बदलाव के सर्वाइव कर रही है. जैसे इंसानों की प्रजाति बंदरों से विकसित हुई. लेकिन इस मछली की प्रजाति में कोई बदलाव नहीं हुआ. इनका विकास लगभग रुक गया है.

### एक जमाने में आतंक था इन मछलियों का

1930 के आसापास इन मछलियों ने अमेरिका में आतंक मचा रखा था. तब टेक्सास गेम फिश कमीशन ने इन्हें 200 वोल्ट की बिजली का झटका देकर मारने का आदेश दिया था. जिसे गार डेस्ट्रॉयर कहा जाता है. लेकिन आज की तारीख में यह मछली फ्लोरिडा में संरक्षित है. टेक्सास में इसके शिकार पर कई जगहों पर रोक लग गई है.

## Maharashtra

# चुनावों से पहले PM महाराष्ट्र को देंगे बड़ा तोहफा, 7,600 करोड़ की योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**मुंबई, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इसमें नागपुर में करीब 7,000 करोड़ की डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर हवाईअड्डे के उन्नयन की आधारशिला भी रखेंगे।**



प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक, हवाईअड्डे का उन्नयन विनिर्माण, विमानन, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और स्वास्थ्य सेवा सहित कई क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने का काम करेगा, जिससे नागपुर और विदर्भ क्षेत्र लाभान्वित होगा। पीएम शिरडी हवाईअड्डे पर 645 करोड़ से बनने वाले नए एकीकृत टर्मिनल भवन की आधारशिला भी रखेंगे। पीएमओ ने कहा कि सभी के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल सुविधा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत मोदी महाराष्ट्र के मुंबई, नासिक, जालना, अमरावती, गढ़चिरौली, बुलढाणा, वाशिम, भंडारा, हिंगोली और अंबरनाथ (ठाणे) में 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों के संचालन की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी 10-11 अक्तूबर को लाओस दौरे पर रहेंगे, जहां उन्हें 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन व 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेना है। पीएम की यह यात्रा आसियान देशों से रिश्ते और मजबूत करने के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया, यह यात्रा ऐसे समय में और भी महत्वपूर्ण हो गई है कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति को 10 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं।

## Rajasthan

# मौसी और चाचा ने गला दबाकर दो मासूम बच्चों का किया मर्डर, कंडोम ने खोला हत्या का राज



**जैसलमेर, (एजेंसी)** राजस्थान के जैसलमेर में एक मौसी और चाचा ने दो मासूम बच्चों की गला घोंटकर हत्या कर दी. इसके बाद उन्होंने दोनों बच्चों के शवों को एक बोरे में डालकर घर के सामने खाली पड़े मकान की पानी की टंकी में फेंक दिया. मगर, मासूम बच्चों की हत्या के आरोप में पुलिस ने मौसी और चाचा को महज 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया. अब पुलिस दोनों से सख्ती से पूछताछ कर रही है.

पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि मगरा इलाके में एहसान अली (26) और सोनिया बानो (20) एक ही मोहल्ले में रहते हैं. दोनों के बीच कई सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था. शनिवार शाम 5 अक्टूबर को दोनों एहसान के घर में मिले और रंगरेलियां मना रहे थे. इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले मासूम बच्चे हसनेन और आदिल खेलते हुए घर में आ गए. दोनों बच्चों ने एहसान और सोनिया को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया.

बच्चों को अचानक कमरे में देखकर दोनों दंग रह गए. बदनामी के डर से दोनों ने बच्चों की हत्या करने का फैसला कर लिया. फिर बच्चों को बहला-फुसलाकर कमरे में ले जाया गया और सोनिया ने हसनेन को पकड़ लिया तथा एहसान ने आदिल का गला घोंटना शुरू कर दिया. बच्चे चिल्लाएं नहीं, इसके लिए सोनिया उनके ऊपर बैठ गई. सोनिया ने हसनेन का गला घोंटकर हत्या कर दी.

## Uttarpradesh

# मंदिर से लौट रही लड़की से छेड़छाड़, भाई ने किया विरोध तो दबंगों ने पीट-पीटकर मार डाला...

**हापुड़, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के हापुड़ में सनसनीखेज वारदात सामने आई है. यहां मनचलों ने एक लड़की से छेड़छाड़ कर दी. इस दौरान जब लड़की के भाई ने विरोध किया तो दबंग मनचलों ने उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी. लड़की नवरात्र में पूजा-अर्चना करने गांव में बने मंदिर गई थी. जब वह वापस लौट रही थी तो रास्ते में उसे मनचलों ने घेर लिया था. फिलहाल पुलिस ने लड़की के भाई के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार, यह घटना हापुड़ के सिंभावली थाना क्षेत्र की है. यहां रजापुर गांव की रहने वाली एक लड़की नवरात्र में पूजा करने पास के ही मंदिर गई थी. जब वह वापस लौट रही थी तो गांव के दबंग मनचलों ने छेड़छाड़ शुरू कर दी. इस पर लड़की के भाई (ताऊ के बेटे) ने विरोध किया और आरोपियों के थप्पड़ लगा दिए. इस बात से बौखलाए दबंगों ने अन्य साथियों को बुला लिया.इसके बाद दबंगों के अन्य साथी लाठी-डंडे लेकर मौके पर आ गए और लड़की के साथ ही उसके भाई पर हमला कर दिया. बुरी तरह मारपीट करने के बाद दबंग फरार हो गए.

## Jharkhand

# दिल्ली में फंसीं झारखंड की 8 लड़कियां, दलाल ने बेचा; सामने आया तस्करी का बड़ा मामला

**पाकुड़, (एजेंसी) झारखंड के पाकुड़ में बाल तस्करी का एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। अमड़ापाड़ा इलाके की कुल आठ नाबालिग आदिवासी लड़कियों के पिता ने थाने में आवेदन देकर बच्चियों की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।**



मामला तब सामने आया है जब डुमरचीर गांव की एक नाबालिग आदिवासी लड़की दिल्ली से भाग कर किसी तरह वापस घर पहुंच गई। मामले की जानकारी देते हुए नाबालिग युवती एवं परिजनों ने बताया कि बीते 28 अगस्त को हिरणपुर के दलाल के द्वारा काम कराने के लिए डुमरचीर और तिलयपाड़ा गांव के साथ नाबालिग लड़की काम दिलाने के बहाने हिरणपुर के कनन अंसारी के द्वारा दिल्ली ले जाकर साहूकारों के हाथ बेच दिया।

जहां नाबालिग युवतियों को अलग अलग स्थानों पर रखकर काम करवाया जा रहा है। युवती काम नहीं करने पर उनको मारा जाता है। यही नहीं उनको काम कराने के लिए गर्म छलनी से शरीर में दागा जाता है। वहीं दिल्ली से घर आई नाबालिग युवती ने अपने आपबीती परिजनों को बताया। वहीं आगे परिजनों ने बताया कि युवतियों को वापस लाने के लिए दलाल के साथ परिजनों ने संपर्क किया तो उसने परिजनों से पैसे की मांग करने लगा।

## खेल

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा भारत, प्लेइंग इलेवन में होगा बदलाव या संयोजन रहेगा बरकरार?

नई दिल्ली। जीत के रथ पर सवार भारतीय टीम की नजरें अब दिल्ली में बुधवार को होने वाले दूसरे टी20 मैच को जीतकर टी20 सीरीज पर कब्जा करने पर होंगी। भारत ने ग्वालियर में खेले गए पहले मैच को एकतरफा अंदाज में सात विकेट से अपने नाम किया था और अब सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम टी20 सीरीज जीतने से एक कदम दूर है। भारत ने पहले मैच में मयंक यादव और नीतीश रेड्डी को डेब्यू का मौका दिया था और अब देखने वाली बात होगी कि टीम प्रबंधन विजयी संयोजन के साथ उतरता है या बेंच स्ट्रेंग्थ को आजमाता है।



**भारत ने पहले मैच में किया ऑलराउंड प्रदर्शन** - ऋषभ पंत, अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम दिए जाने के बावजूद भारतीय टीम ने ग्वालियर में पहले मैच में जिस तरह से शुरू से लेकर आखिर तक अपना दबदबा बनाए रखा उससे सीमित ओवरों की क्रिकेट में उसकी मजबूत बेंच स्ट्रेंथ का पता चलता है। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इस मैच में अपनी चमक बिखेरने के लिए आतुर होंगे। उन्होंने 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने के कारण वह अंदर बाहर होते रहे।

सैमसन अमूमन मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं लेकिन पहले मैच में उन्होंने पारी का आगाज किया था तथा 19 गेंद पर 29 रन बनाए थे। कप्तान सूर्यकुमार पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सैमसन सीरीज में आगे भी यह भूमिका निभाते रहेंगे। सैमसन और उनके साथ पारी की शुरुआत करने वाले अभिषेक शर्मा पिछले मैच में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए थे। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल को विश्राम दिए जाने के कारण सैमसन और अभिषेक को यह मौका मिला है जिसका वह पूरा फायदा उठाना चाहेंगे।

**टीम में बदलाव की संभावना कम**- पहले मैच में आसान जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम में किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है। अपना पहला मैच खेल रहे तेज गेंदबाज मयंक यादव और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी ने ग्वालियर में अपना प्रभाव छोड़ा था। अर्शदीप सिंह ने तेज गेंदबाजी में अगुआ की भूमिका अच्छी तरह से निभाई थी जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने तीन साल के बाद सफल वापसी की थी। दूसरी ओर, बांग्लादेश को अगर सीरीज को जीवंत बनाए रखना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में उसके बल्लेबाजों ने टीम को खासा निराश किया। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने मैच के बाद स्वीकार किया था कि उनके बल्लेबाज नहीं जानते कि 180 रन से अधिक का स्कोर कैसे बनाना है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा था कि उनकी टीम ने बहुत खराब प्रदर्शन नहीं किया और वह वापसी करने में सक्षम है।

## सिनेमा

# मनोज बाजपेयी ने जीता चौथा नेशनल अवॉर्ड, फिल्म 'गुलमोहर' के लिए मिल रही तारीफ



भारत सरकार से मिला सम्मान इस देश में किसी भी इंसान के लिए बहुत बड़ी बात होती है, फिर चाहे वो खेल में हो या फिल्मों में. आज तक कई ऐसे कलाकार रहे हैं, जिन्हें नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. लेकिन कुछ ही उनमें से हैं, जिन्हें बार-बार अपने काम के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला है. उन्हीं में से एक नाम मनोज बाजपेयी का है.

मनोज बाजपेयी का फिल्मी करियर काफी लंबा और धुआंधार रहा है. उन्होंने कई लाजवाब फिल्मों में अपनी एक्टिंग के टैलेंट से लोगों को अपने काम का मुरीद बनाया है. फिर चाहे वो 'गैंगस् ऑफ वासेपुर' का सरदार खान हो या 'फैमिली मैन' का श्रीकांत तिवारी. मनोज हर रोल में लोगों को भाए हैं. 1994 से एक फिल्म में छोटे रोल को करने से लेकर अब तक उन्होंने बहुत सी हिंदी फिल्मों में काम किया है. साल 1998 में आई उनकी फिल्म 'सत्या' से उन्हें लोगों ने पहचानना शुरू किया और आज वो हर घर में प्रचलित हैं. 70वें नेशनल अवॉर्ड के लिए भारत सरकार ने कुछ समय पहले नामों की घोषणा की थी, जिसमें कुछ नामों में से एक नाम मनोज बाजपेयी का भी था. मनोज बाजपेयी और शर्मिला टेगोर की फिल्म 'गुलमोहर' को इस बार तीन नेशनल अवॉर्ड मिलने की घोषणा की गई थी.

## Highlights

1. **Further withdrawal of Southwest monsoon is expected in 2-3 days**
2. **No link between EVM battery strength, results: Election Commission on Congress' claim**
3. **I served my country with utmost dedication: CJI as retirement nears**
4. **BSP lost H'yana due to casteist mindset of Jat community: Mayawati**
5. **15 Sikh pilgrims from Pak fall sick at Hemkund Sahib, airlifted**

# Will Sundar Pichai be forced to breakup Google? Landmark case in US court

**NEW DEIHI, (Agency).** The US said on Tuesday it may ask a judge to force Alphabet's Google to divest parts of its business, such as its Chrome browser and Android operating system, that it says are used to maintain an illegal monopoly in online search.

In a landmark case, a judge found in August that Google, which processes 90% of U.S. internet searches, had built an illegal monopoly. The Justice Department's proposed remedies have the potential to reshape how Americans find information on the internet, while shrinking Google's revenues and giving its competitors more room to grow.

"Fully remedying these harms requires not only ending Google's control of distribution today, but also ensuring Google cannot control the distribution of tomorrow," the Justice Department said.




The proposed fixes will also aim to keep Google's past dominance from extending to the burgeoning business of artificial intelligence, prosecutors said.

The Justice Department is also considering asking for an order that would require Google to make available to rivals the indexes, data and models it uses for Google search and AI-assisted search features.

It might also ask the court to end Google's payments to have its search engine pre-installed or set as the default on new devices.

Google has made annual payments - $26.3 billion in 2021 - to companies including Apple and other device manufacturers to ensure that its search engine remained the default on smartphones and browsers, keeping its market share strong.

Google called the proposals "radical" and said they "go far beyond the specific legal issues in this case."

# Hindenburg shorts Roblox: What are the allegations against the company?

**NEW DEIHI, (Agency).** Hindenburg Research disclosed a short position in Roblox alleging that the gaming platform inflated metrics including user numbers and engagement. Following this, Roblox shares fell as much as 9% as the short seller said that the company conflated daily active users (DAUs) with the number of people visiting its platform. The metric is not a measure of "unique individuals accessing Roblox", Hindenburg said, adding that DAUs could include bots or alternate accounts.




Hindenburg had earlier targeted billionaire-investor Carl Icahn, India's Gautam Adani, as well as AI-server maker Super Micro Computer. Hindenburg said, "Roblox is lying to investors, regulators, and advertisers about the number of "people" on its platform, inflating the key metric by 25-42%. The short seller alleged it has found instances of bots from different countries that use alternate accounts to "farm" for goods in games on Roblox.

What does Roblox do?

Roblox relies on user-generated content to drive engagement and makes most of its money from in-game spending on its virtual currency, Robux. In this way it is different from traditional video game companies. Roblox promotes games that do not need active participation from users and artificially inflate engagement by tying developer payouts to that, the short seller said.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक